राजधानी
वर्ष 10 | अंक 317 | पृष्ठ : 18+8=26
मूल्य : तीन रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण

अमर उजाला

लखनऊ
बृहस्पतिवार, 17 मई 2018

amarujala.com | चेताया | उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग ने ट्रंप के साथ बैठक रद्द करने की दी धमकी...18 | उत्तर प्रदेश

एकेटीयू: स्टार्टअप बढ़ाने में एसएमएस अव्वल

लखनऊ। स्टार्टअप व इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) की ओर से पिछले दिनों प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इस क्रम में अपने संबद्ध संस्थानों की इस क्षेत्र में किए कार्यों के आधार पर रैंकिंग जारी की है। इसमें लखनऊ का स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) अव्वल रहा है। गाजियाबाद का इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज व मेरठ का मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

विवि द्वारा ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) के निर्देश पर स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए कई काम शुरू किए गए थे। कॉलेजों में स्टार्टअप सेल की स्थापना की गई। स्टार्टअप आइडिया को आगे बढ़ाने के लिए स्टार्टअप परिक्रमा का आयोजन किया गया। कॉलेजों में इसके लिए विशेषज्ञों के लेक्चर आदि आयोजित किए गए। इन्हीं के आधार पर कॉलेजों की रैंकिंग हुई। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने बताया कि कॉलेजों की ओर से किए अच्छे काम को बढ़ावा देने में इस तरह की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जरूरी है। ब्यूरो